# सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र

ब्लॉक-जे.डी., सेक्टर-III, सॉल्ट लेक, कोलकाता–700106

## भौतिक, रासायनिक एवं जैव विज्ञान में पीएच. डी. कार्यक्रम

**शैक्षणिक वर्ष : 2019-20**

सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र, भौतिक, रसायन तथा जीव विज्ञान में पीएच.डी. कार्यक्रम में शैक्षणिक वर्ष 2019-20 में प्रवेश हेतु लगातार अच्छा शैक्षणिक रिकार्ड रखने वाले (प्रथम डिवीजन/श्रेणी) छात्रों से आवेदन आमंत्रित करता है । आवेदकों से अपेक्षित है कि वे शोध में कैरियर बनाने हेतु प्रेरित हों। कार्यक्रम पूरी तरह से आवासीय है एवं छात्रों को परिसर में आवास एवं भोजन की सुविधा दी जाती है।

अनुसंधान पर्यवेक्षक के पास पंजीकरण के बाद छात्रों को, वर्तमान यूजीसी नियमों के अनुसार एक निर्धारित कोर्स वर्क कार्यक्रम लेना होता है । प्रवेश का विवरण नीचे दिया गया है :-

### प्रवेश का मानदंड

### क) खगोल भौतिकी एवं ब्रह्माण्ड विज्ञान और सैद्धांतिक विज्ञान विभाग

**मूल अर्हता :** विज्ञान/प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर के साथ भौतिकी एवं अनुप्रयुक्त गणित में प्रथम श्रेणी/डिवीजन अर्थात न्यूनतम 60% (अनु.जाति/अनु.ज.जा/अन्य पि.वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर)/ईडबल्यूएस/दिवयांगो) के छात्रों के लिए 55%) होना चाहिए।

### ख) संघनित पदार्थ भौतिकी एवं सामग्री विज्ञान विभाग

**मूल अर्हता :** विज्ञान/प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर के साथ भौतिकी, रसायन,अनुप्रयुक्त गणित, अभियांत्रिकी भौतिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, नैनोटेक्नोलॉजी में प्रथम श्रेणी/डिवीजन अर्थात न्यूनतम 60% (अनु.जाति/अनु.ज.जा/अन्य पि.वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर/ईडबल्यूएस/दिवयांगो) के छात्रों के लिए 55%) होना चाहिए।

**(क तथा ख) के साथ आगे और अपेक्षित अर्हता :**

जेईएसटी- 357 रैंक तक

अथवा

जीएटीई – एआईआर 400 तक (2017, 2018 तथा 2019)

अथवा

एनईटी-सीएसआईआर एनईटी-जेआरएफ़ तथा यूजीसी-एनईटी-जेआरएफ़ (जून/दिसम्बर 2017, जून/दिसम्बर 2018 के साथ 31.08.2019 तक वैध अवार्ड पत्र)

अथवा


आईएनएसपीआईआरई - अनंतिम रूप-से चयनित तथा 31.08.2019 तक वैध अवार्ड पत्र।

(बेहतर होगा कि आईएनएसपीआईआरई आवेदकों के पास राष्ट्रीय स्तर के टेस्ट जैसे कि जेईएसटी अथवा जीएटीई अर्हता हो जिससे कि केंद्र में कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत यदि आईएनएसपीआईआरई द्वारा अंतिम प्रस्ताव को अस्वीकार किया जाता है तो उस स्थिति में उनका दाखिला निरस्त ना हो।)

## ग) <u>रासायनिक, जैविक एवं सूक्ष्म-आण्विक विज्ञान विभाग</u>

**मूल अर्हता :** विज्ञान/प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर के साथ निम्नलिखित विषयों में प्रथम श्रेणी/डिवीजन अर्थात न्यूनतम 60% (अनु.जाति/अनु.ज.जा/अन्य पि.वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर/ईडबल्यूएस/दिवयांगो) के छात्रों के लिए 55%) होना चाहिए :

भौतिकी, रसायन, अनुप्रयुक्त गणित, जैव भौतिकी, जैव रसायन, नैनोटेक्नोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, अभियांत्रिकी भौतिकी, जैव-सूचना विज्ञान, केमिकल अभियांत्रिकी, इलेक्ट्रोनिक्स, अनुप्रयुक्त ऑपटिक्स तथा फोटोनिक्स, अनुप्रयुक्त भौतिकी, रेडियो भौतिकी एवं इलेकट्रोनिक्स, पॉलीमर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी -




सीबीएमएस विभाग में **सीधे साक्षात्कार हेतु**, मूल अर्हता के साथ आगे और अपेक्षित अर्हता:

जेईएसटी 2019 – 357 रैंक तक

अथवा

जीएटीई – एआईआर 400 तक (2017, 2018 तथा 2019)

अथवा

एनईटी-सीएसआईआर एनईटी-जेआरएफ़ तथा यूजीसी-एनईटी-जेआरएफ़ (जून/दिसम्बर 2017, जून/दिसम्बर 2018 के साथ 31.08.2019 तक वैध अवार्ड पत्र)

अथवा

आईएनएसपीआईआरई - अनंतिम रूप-से चयनित तथा 31.08.2019 तक वैध अवार्ड पत्र।

<u>**सीबीएमएस विभाग में लिखित परीक्षा हेतु**</u>, मूल अर्हता के साथ अतिरिक्त अपेक्षित अर्हता:

जेईएसटी 2019 रैंक 358 से आगे

अथवा

एआईआर 401 से आगे जीएटीई

**केवल चयनित अभ्यर्थियों** को ही सीबीएमएस विभाग के साक्षात्कार में उपस्थित होने का मौका मिलेगा। साक्षात्कार हेतु किसी दूसरे विभाग के चयन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**सीबीएमएस विभाग के लिखित परीक्षा की तारीख**: 9 जून 2019 (रविवार) को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक।

**एसी, टीएस, सीएमपी एवं एमएस, सीबीएमएस विभाग हेतु साक्षात्कार की तारीख: 10-12 जून 2019**

**आयु सीमा:** कोई नहीं। तथापि, पिछली अहर्क विश्वविद्यालय परीक्षा (विज्ञान/प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर) 2017 से पूर्व न दिया हो।

**अध्येतावृत्ति :** भारत सरकार के नियमों के अनुसार

**शिक्षा शुल्क :** प्रति वर्ष रु. 10,000/- का भुगतान ऑटम एवं स्प्रिंग सेमेस्टर की शुरुआत में दो समान किश्तों में करना होगा। शिक्षा शुल्क में छूट, यदि कोई हो तो, भारत सरकार के नियमों के अनुसार होगी।

**आवेदन शुल्क:** सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु रु. 500/- एवं आरक्षित वर्ग (महिलाओं सहित) हेतु रु. 250/- अप्रतिदेय आवेदन शुल्क है। **शुल्क का भुगतान केवल एनईएफ़टी/आरटीजीएस पद्धति द्वारा किया जा सकता है।**

**खाता विवरण इस प्रकार है :**

खाता धारक का नाम: सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र
खाता संख्या: 775010100024408
बैंक का नाम एवं शाखा: ऐक्सिस बैंक, साल्ट लेक, सेक्टर – III
खाता का प्रकार: सेविंग खाता
आईएफ़एससी कोड: UTIB0000775

ऑनलाइन आवेदन: **06/05/2109** को शुरू तथा **26/05/2019** को बंद।

केवल ऑनलाइन आवेदनों को ही स्वीकार किया जाएगा। अधिक जानकारी हेतु http://www.bose.res.in पर लॉग इन करें। प्रवेश के मामलें में केंद्र के निदेशक का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

अधिक जानकारी हेतु http://www.bose.res.in अथवा http://newweb.bose.res.in/AcademicProgrammes/Admission.jsp देखे।

किसी भी शैक्षिक/कार्यालयीन पूछताछ के लिए admission@bose.res.in **पर लिखें।**

यदि कक्ष उपलब्ध हो तो भुगतान के आधार पर प्रदान किया जा सकता है। अतिथि गृह में कक्ष बुक करने हेतु Bhagirathiguesthouse@bose.res.in पर लिखें

किसी भी तकनीकी पूछताछ के लिए कृपया admission-help@bose.res.in **पर लिखें।**

**अधिष्ठाता (शैक्षिक कार्यक्रम)**
28 अप्रैल, 2019

**<u>संस्थान के बारे में</u>**

सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र, भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पूर्ण सहायताप्राप्त एक प्रमुख स्वायत्तशासी संस्थान है। इसके अतिरिक्त केंद्र अपने विभिन्न अनुसंधान कार्यक्रमों, भारत एवं विदेशों की विभिन्न निधिकरण एजेंसियों से पाठ्यक्रम अतिरिक्त कोष प्राप्त करता है। केंद्र के पास भारत एवं विदेशों के अन्य प्रमुख संस्थानों के साथ आपसी बातचीत के जरिए गहन सहयोगी कार्यक्रम है, जिनमें पीएच. डी. अनुसंधान करने वाले छात्र सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। केंद्र अत्याधुनिक ढांचागत सुविधाओं (प्रायोगिक एवं संगणनात्मक) से सुसज्जित है, जिनमें भौतिक, रासायनिक, जैविक एवं गणितीय विज्ञानों के चुने हुए क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान के लिए एक डिजिटल लाइब्रेरी भी शामिल है। केंद्र में भर्ती होने वाले सभी छात्रों को अनुसंधान आकस्मिकता खर्चे, जिसमे भारत में सम्मेलन तथा प्रशिक्षण में होने वाले खर्चे शामिल है, को पूरा करने के लिए आकस्मिकता अनुदान मिलता है। छात्रों को भारत के बाहर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने के लिए केंद्र द्वारा सहायता प्रदान किया जाता है। केंद्र के पूर्व छात्रों ने भारत तथा विदेशों में शैक्षणिक एवं अनुसंधान क्षेत्रों में कार्य किए हैं। छात्रों के शैक्षणिक विकास के लिए केंद्र अत्यंत उत्कृष्ट वातावरण प्रदान करता है।

अधिक जानकारी, संकाय सदस्यों की रिसर्च प्रोफाइल तथा उपलब्ध सुविधाओं के लिए कृपया www.bose.res.in देखें।

***********************************